## जन संवाद केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को

**भीलवाड़ा।** सांसद जन संवाद केंद्र, भीलवाड़ा , का उदघाटन समारोह शुक्रवार, 17 जनवरी 2025 को जिला कलेक्टर परिसर में आयोजित किया जायेगा।

सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले के आमजन की जनसमस्याओं के त्वरित निवारण लिए साँसद दामोदर अठावाल के प्रयासों से कलेक्टरी में सांसद जन संवाद केंद्र की स्थापना की गई हैं जिसका उद्धघाटन समारोह शुक्रवार 17 जनवरी को प्रात: 10.15 पर आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति एवम् उदघाटन कर्ता सांसद दामोदर अठावाल रहेंगे व कार्यक्रम की अध्यक्षता बरजीदेवी भील, जिला प्रमुख करेंगी। कार्यक्रम में

अति विशिष्ठ अतिथि, प्रशांत मेवाड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा, गोपाल खंडेलवाल, विधायक मांडलगढ़, गोपीचंद मीणा विधायक जहाजपुर जब्बर सिंह सांखला विधायक आसींद, उदयलाल भडाणा विधायक मांडल, लादूलाल पितलिया विधायक सहाड़ा, लालाराम बैरवा विधायक शाहपुरा, अशोक कोठारी विधायक भीलवाड़ा, राकेश पाठक, महापौर भीलवाड़ा शंकर लाल गुर्जर, उपज़िला प्रमुख रहेंगे। कार्यक्रम में जिले भर से जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

# वित्तीय बाजार और बैंकिंग के बुनियादी पहलुओं की जानकारी दी

**भीलवाड़ा।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भीलवाड़ा शाखा द्वारा वित्तीय बाजार और निवेशक संरक्षण समिति के तत्वावधान में निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्विफ्ट कॉलेज ऑफ आई.टी. एंड मैनेजमेंट, भीलवाड़ा में आयोजित किया गया, जिसमें पूंजी

■ **चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का जागरूकता कार्यक्रम**

बाजार और बैंकिंग पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। शाखा अध्यक्ष सीए सोनेश काबरा ने बताया कि यह कार्यक्रम आम निवेशकों और विद्यार्थियों को वित्तीय बाजार और बैंकिंग के बुनियादी पहलुओं की जानकारी देने और उन्हें बेहतर निवेश निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर वित्तीय बाजार और निवेशक संरक्षण समिति के अध्यक्ष सीए दुर्गेश काबरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं विशिष्ट अतिथि स्विफ्ट कॉलेज के डायरेक्टर ऋषि श्यामशुक्ला भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि सीए दुर्गेश काबरा ने अपने संबोधन में कहा, ''वित्तीय बाजारों और बैंकिंग प्रणाली की बेहतर समझ आज के समय में हर व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सही निवेश निर्णय और वित्तीय साक्षरता ही आर्थिक सशक्तिकरण की कुंजी है।'' उन्होंने निवेशक सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और पूंजी बाजार से जुड़ी नई जानकारियों को साझा किया। मुख्य वक्ता सीए विनीत जैन ने पूंजी बाजार में निवेश के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने एस.आई.पी. (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान), म्यूचुअल फंड्स, और एस.डब्लू.पी. (सिस्टेमेटिक विड्रॉल प्लान) की बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एस.आई.पी. नियमित और छोटे निवेश के माध्यम से धन संचय करने का एक प्रभावी तरीका है, जो लंबी अवधि में बड़े लाभ प्रदान करता है। म्यूचुअल फंड्स एक ऐसा माध्यम है जो छोटे और बड़े निवेशकों को विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने का अवसर देता है। एस.डब्लू.पी. उन निवेशकों के लिए उपयोगी है जो नियमित रूप से अपने निवेश से आय प्राप्त करना चाहते हैं, विशेष रूप से सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए। उन्होंने इन साधनों के फायदों, संभावित जोखिमों और सही निवेश रणनीतियों के बारे में जानकारी दी।कार्यक्रम के प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों और निवेशकों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया और इन साधनों से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां हासिल कीं।



दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की कार्यशाला आयोजित हुई।

## विद्यार्थियों को सड़क नियमों की जानकारी दी

**ब्यावर** (निसं) राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लसाडिया में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक बलराज सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर जिला परिवहन विभाग के मोटर वाहन इंस्पेक्टर भागचन्द नवाल व एनएचएआई के हाईवे इंचार्ज गणपत सिंह रावत ने सड़क नियमों की जानकारी दी। गणपत सिंह रावत ने बताया कि हाइवे पर गाड़ी चलाते समय किसी सहायता की जरूरत होने पर 1033 पर डायल करना चाहिए तथा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।इसी प्रकार भागचन्द नवाल ने बताया कि 18 वर्ष के ऊपर के सभी युवाओं को बिना लाइसेंस के गाड़ी नहीं चलाना, गाडी चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना,गाड़ी पर दो से ज्यादा सवारी नहीं बैठाना, निश्चित गति से गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करना,सड़क पार करते समय दाएं-बाएं देखना आदि नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सभी अध्यापकों की गाड़ी पर रिफ्लेक्टिव टेप भी चिपकाई गई। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य सुनीता चौधरी ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## स्टार्टअप के लिए सम्मान समारोह हुआ

**भीलवाड़ा।** नेशनल स्टार्टअप डे पर, भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक, हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड ने कंपनी में परिचालन कुशलता को बढ़ाने में कार्यरत टेक्नोलॉजी और इनोवेशन स्टार्टअप को सम्मानित किया। कंपनी ने अपने संचालन में रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन और इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी टेक्नोलॉजिकल एक्सीलेंस और इनोवेशन को सम्मिलित किया है। नेशनल स्टार्टअप डे पर, कंपनी ने हिन्दुस्तान ज़िंक में तकनीकों के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए कई स्टार्टअप को आमंत्रित किया। इस अवसर पर हिन्दुस्तान ज़िंक लिमिटेड के सीईओ अरुण मिश्रा और कंपनी के उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मान समारोह आयोजित किया। कंपनी ने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने और विनिर्माण क्षेत्र में अधिक जानकारी हासिल करने के लिए स्टार्टअप मेंटरिंग कार्यक्रम शुरू करने की योजना की घोषणा की। कंपनी ने इनफिनिट अपटाइम, रिपिक.एआई, मशीन मैक्स, मैक्सिम लैब्स, फ्लक्स ऑटो, डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज और हाल ही में शार्क टैंक इंडिया के प्रतिभागी जर्श सेफ्टी सहित आठ स्टार्टअप को सम्मानित किया।वर्तमान में, हिंदुस्तान जिंक 60 से अधिक विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर 40 से जयादा टेक स्टार्टअप के साथ जुड़ा हुआ है और वेदांता स्पार्क के माध्यम से लगभग 50 से अधिक स्टार्टअप के साथ जुड़ रहा है। वेदांता स्पार्क वेदांता का अनूठा ग्लोबल कॉर्पोरेट एक्सेलरेटर एण्ड वेन्चर्स कार्यक्रम है जो उभरती हुई टेक्नोलॉजी के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यावसायिक चुनौतियों का समाधान कर बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी प्रभाव हेतु अभिनव स्टार्टअप के साथ सहयोग करता है।

## कोटा में दीपिका गुर्जर ने लिया देहदान का संकल्प

**कोटा**, (निसं)। देहदान देने का निर्णय की उम्र का कोई बंधन नहीं होता। कोटा स्थित सरस्वती कॉलोनी बारां रोड़ दीपिका गुर्जर ने युवा होते हुए अपनी मृत्यु के बाद देहदान देने का निर्णय लिया है। मीडिया प्रभारी अंकित गुर्जर ने बताया कि दीपिका पेशे से चिकित्सा विभाग से जुड़ी हुई है। यह प्रेरणा उसे अपने गुरूजन, माता-पिता और समाज के लोगों से मिली है। जब वह चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण कर रही थी तब उसे कई बार सुनने को मिलता था भावी चिकित्सकों को अध्ययन के लिए देह की आवश्यकता है।अपने देश में देहदान का बहुत कम प्रचलन है। जब मैं छोटी थी तो मेने पढ़ा था लोरेंस नाइटेंगल नर्स के बारे में पढ़ा था और ये पूर्णतः मानव सेवा के लिए समर्पित थी और उनसे मैं बहुत प्रभावित हुई। मैंने मानव सेवा का निर्णय कर लिया था। मैंने 2007 से 2010 के समय मैने ये सकंल्प ले लिया था। पर सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों की वजह से उस समय पूरा नहीं कर पाई। मैंने 2024 में अपने माता-पिता, समाज परिवार, गुरूजनों से इस विषय में फिर से चर्चा की और मेरे पिता रविरत्न गौड़ और माता राजेश्वरी गोचर दोनो ही शिक्षा विभाग से सेवानिवृत है ने मुझे इसकी सहमति प्रदान की। एचकेएस मेमोरियल के सहयोग से मैंने शाइन इंडिया फाउण्डेशन के डॉ. कुलवंत गौड़ से सम्पर्क किया। 8 जनवरी 2025 डॉ.कुलवंत गौड़ द्वारा मुझे देहदान का प्रमाणपत्र दिया और मानव जीवन के लिए भारत देश के भावी चिकित्सकों के निर्माण में सहायता मिले इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं होगी। बुधवार को गुर्जर समाज की युवतियों द्वारा दीपिका गुर्जर को अपने इस महान कार्य के लिए घर जाकर बधाई दी।

## दो नेत्रहीनों को मिलेगी ज्योति

**कोटा**, (निसं)। कोटा शहर में नेत्रदान संकल्प करने के बाद मृत्युपरांत नेत्रदान करने की परंपरा बढ़ रही है। मकर संक्रांति के दिन शास्त्रीनगर दादाबाड़ी निवासी समाजसेविका कमला देवी दलाल का आकस्मिक निधन होने पर परिवार ने उनका नेत्रदान करवाकर परोपकार किया। शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ ने बताया कि दादाबाड़ी में वरिष्ठ समाजसेवी मदनलाल दलाल की धर्मपत्नी कमला देवी का निधन होने पर पुत्र राजस्थान एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेज 'रास' के प्रदेश महासचिव महावीर गुप्ता, वरिष्ठ हैंड सर्जन डॉ गिरीश गुप्ता, बहिन मंजू गुप्ता व निर्मला गुप्ता ने मां के नेत्रदान करने का निर्णय लिया।

## महिला जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**ब्यावर** (निसं) जिला अध्यक्ष मनोज व्यास की अनुशंसा पर शैक्षिक प्रकोष्ठ की महिला जिला अध्यक्ष शर्मीला त्रिपाठी ने जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिलाध्यक्ष शर्मीला त्रिपाठी के अनुसार सरोज दाधीच जिला संयोजक,सरोज पाठक संरक्षक,रेणु गौतम वरिष्ठ उपाध्यक्ष,सुधा नांगला उपाध्यक्ष,शिखा शर्मा महामंत्री,नीलम शर्मा मंत्री,सरोज त्रिवेदी कोषाध्यक्ष,ममता त्यागी संगठन मंत्री,रूपकला शर्मा मीडिया प्रभारी,लक्ष्मी पालीवाल प्रचार मंत्री,दुर्गा शर्मा कार्यालय मंत्री,भावना भारद्वाज कोआई टी सलाहकार नियुक्त किया गया है।

## ब्लॉक स्तरीय बौद्धिक प्रतियोगिता

**ब्यावर** (निसं) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा आयोजित ब्लॉक स्तरीय बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जवाजा में हुआ।कार्यक्रम मुख्य अतिथि कैलाश चंद्र अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जवाजा, गुरु शरण गोयल उप प्रधानाचार्य के निर्देशन में हुआ ।इन प्रतियोगिता में बोर्ड द्वारा निर्देशित चित्रकला, निबंध ,आशु भाषण, एकल गीत, क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें ब्लॉक के 6 विद्यालयों के बीस बालक बालिकाओं ने भाग लिया । उप प्रधानाचार्य गुरु शरण गोयल के अनुसार इस प्रतियोगिता में चित्रकला में प्रथम चंदन सूरजपुरा ,द्वितीय चौहान टीना जवाजा, निबंध प्रथम अंकित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जवाजा द्वितीय कुसुम चौहान लगेतखेड़ा ,आशु भाषण, प्रथम ज्योति चौहान महात्मा गांधी जवाजा ,आदेश द्वितीय स्थान सूरजपुरा ,एकल गीत प्रथम स्थान हेमंत कड़ीवाल राजकीय जैन गुरुकुल ब्यावर ,द्वितीय स्थान छायांश राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा, क्विज, प्रथम स्थान भरत राजकीय जैन गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्यावर ,द्वितीय स्थान रुचिका सांमरिया महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जवाजा की बालिकाओं ने स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में गरिमा रावत प्रधानाचार्य लगेतखेड़ा ,सीताराम प्रजापति उप प्रधानाचार्य,ओम प्रकाश रावत उपप्रधानाचार्य ,डॉक्टर प्रहलाद सिंह व्याख्याता शशिकांत शुक्ला, संतोष सिंह चौहान प्रधानाचार्य सूरजपुरा ,शकुंतला शर्मा उप प्रधानाचार्य देलवाड़ा ,पूनम सिंह उपप्रधानाचार्य, निकिता मीणा व्याख्याता छावनी ब्यावर,कल्याण कुमार, मदन सिंह, वंदना चावला, पार्वती चौहान, मधुमती चौहान, हैप्पी झंझरवाल साक्षरता प्रभारी, सहित निर्णायक के रूप में अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ हुआ प्रतियोगिता परिचय के साथ सभी बालकों को बोर्ड निर्देश अनुसार निर्देशित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहने वाले प्रत्येक बालक बालिका को प्रमाण पत्र देकर माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

# ब्यावर में सर्दी के तेवर तीखे हुए



ब्यावर में कड़ाके की ठंड से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ।

**ब्यावर** (निसं) कड़ाके की ठंड से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त होता जा रहा है।दिन भर कार्य करने की गति भी प्रभावित होकर धीमी होती जा रही है। सुबह का कोहरा 11 बज़े तक भी दिखाई देता है।

घर के बाहर खड़े वाहनों की हालत देखकर तो ऐसा लगता है मानों रात्रि में हल्की फुल्की बारिश हुई होगी।रोज़मर्रा के पहनने वाले कपडो को भी सोच समझकर धोना पड़ रहा है वो भी सूखने का नाम नहीं ले रहे। कोहरे के कारण आये दिन हो रही दुर्घटनाओं का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा।

एक साथ 9 - 10 वाहनों की भिड़ंत और मरने वालों की संख्या बता रही है कि इस बार बारिश भी पूरे जोर पर रही। शायद यहीं कारण रहा कि ग्लेशियर पिघलने ओर अचानक हुए भू स्खलन से भी सेंकडो लोगों को मौत का शिकार होना पड़ा।

कई वाहन बह गए,लापता हो गए साथ ही मरने वालों का भी आज तक कोई आता पता नहीं लग सका। निश्चित तौर पर हम पर्यावरण का ध्यान न रखते हुए प्रकृति से छेडछाड़ करेंगे तो वो भी हमारे साथ करने से नहीं चुकेगी।

भले ही हम कुछ भी उपाय करले लेकिन जीव जन्तुओं का बचाव कौन करेगा।शहरी अथवा ठाामीण क्षेत्रों में हम हीटर, अलाव लगाकर अथवा आग जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते है।

तो आवारा अथवा पालतू जानवर भी खड़े होकर सर्दी से बचाव की कोशिस करते है लेकिन जंगली जानवर और पक्षियों का जीना मुश्किल हो गया है।

## दिनेश खटीक बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**कोटा**, (निसं)। राजस्थान खटीक महासमाज प्रदेश पदाधिकारीयो की हुई नियुक्ति में कोटा के दिनेश खटीक को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं।

समाज के राज्य स्तरीय संगठन में हाड़ौती से दिनेश खटीक का नाम प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर आने के बाद समाज में उत्साह का माहौल है।

राजस्थान खटीक समाज महा समिति में प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देते हुए खटीक समाज महासमिति के संरक्षक पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर ने शॉल ओढ़ा कर नियुक्ति पत्र दिया इस अवसर पर महासमिति के महासचिव राजेश नागोरा कोषाध्यक्ष कमल पहाड़िया वह कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष पर हुई नियुक्ति के बाद दिनेश खटीक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा ह।

कि इससे पूर्व उनका संभागीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी समाज के हित में उन्होंने किसी कार्य में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी समाज को सामाजिक कार्यों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले जागरूकता कार्यक्रम समेत अन्य कार्यों को अभियान के तौर पर लेकर कार्य किया। महासमिति में उपाध्यक्ष पद पर मिली जिम्मेदारी के बाद दिनेश खटीक ने सभी का आभार व्यक्त किया, वही प्रदेश स्तर पर समाज के संगठन में हाड़ौती को प्रतिनिधित्व दिए जाने के बाद दिनेश खटीक को समाज की ओर से लगातार शुभकामनाएं मिल रही है।


**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.**

क्रमांक: न.प.कि./PWC/BPAS-2234/2025/54 **आम सूचना** दिनांक: 08/01/2025

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री सुरेश ताराचंदानी पुत्र श्री कैलाशचन्द ताराचंदानी ग्राम किशनगढ बी, खसरा संख्या 890 के भूखण्ड सं. ....का कुल क्षेत्रफल 165.14 वर्गगज 'कुमावत कॉलोनी बिहारी पोल' नया शहर मदनगंज किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान पर आवासीय निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में : श्री संजय कुमार कुमावत का मकान — पश्चिम में : 15 फीट का रास्ता व श्री रामनिवास का मकान

उत्तर में : भवरी देवी का मकान — दक्षिण में : आम रास्ता

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/एतराज हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपत्ति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। -प्रभारी (भवन निर्माण स्वीकृति) नगर परिषद, किशनगढ़

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

क्रमांक- न.नि.अ/24-25/भवन/761 दिनांक: 15-1-25

**आपत्ति सूचना**

श्रीमति रितु गिदवानी पत्नी श्री हरीश गिदवानी निवासी प्लाट नं. 5 गली नं. 5 अभियन्ता नगर चौरसियावास रोड, अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति जो थोक ए.एम.सी. नं. 1/444 = 8/0701/4302/430 8/90 = 6/92 = 8 / 93 = 6/95 एवं ए.एम.सी. नं. 8 / 92101/2894/062 / 4452 / 811 /445 11/8 =6/6 = 8/8= 8 / 6 व ए. एम. सी. नं. 1 /4312/1716 / 93 का एक भाग है जो वाके पीर मिठ्ठा गली व्यास गली शनि मन्दिर के सामने वाली गली देहली गेट के अन्दर अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 270.99 वर्गमीटर है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - डॉ साहब की सम्पति एवं ग्रीन पार्क पश्चिम होटल — पश्चिम - याकूब एवं शफीक आनंद, रोशन की सम्पति

उत्तर - कडक्का चौक पीर मिठ्ठा गली देहली दक्षिण गेट — दक्षिण - माहेश्वरी धर्मशाला

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

**कार्यालय आवासीय अभियन्ता राजस्थान आवासन मण्डलः अजमेर**

क्रमांक: 1425 दिनांक: 13-01-2025

**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-ख-3, वैशाली नगर, अजमेर श्री खियाराम पुत्र श्री गागू मल वन्जानी मल को आवंटित कर मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री खियाराम की मृत्यु दिनांक 03.01.1986 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती नानकी देवी पत्नि स्व. श्री खियाराम के पक्ष में दिनांक 05.11.1993 को मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती नानकी देवी पत्नि स्व. श्री खियाराम द्वारा दिनांक 22.10.1994 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्रीमती नानकी देवी पत्नि स्व. श्री खियाराम द्वारा आवास का बैचान श्रीमती सुशीला साहू पत्नि श्री भीकमचन्द साहू को दिनांक 08.11.1994 को कर दिया गया जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1252 में क्रम संख्या 3833 पृष्ठ संख्या 325 ये 326 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 2019 के पृष्ठ संख्या 178 से 185 पर दिनांक 08.11.1994 को चस्पा किया गया। अब श्रीमती सुशीला साहू पत्नि श्री भीकमचन्द साहू ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती सुशीला साहू पत्नि श्री भीकमचन्द साहू का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

**कार्यालय ग्राम पंचायत सेंदरिया पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण (अजमेर)**

क्रमांक- ग्रा.पं. सेंदरिया/महानरेगा/निविदा/2024-25/35 दिनांक- 13.01.2025

**ई- निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

ग्राम पंचायत सेंदरिया के लिए वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 13.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 18.01.2025 को सायं 05.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

**NIB NO:- ZAJ2425A1059**
**UBN NO:- ZAJ2425GLOB01112**

सरपंच — ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सेंदरिया — ग्राम पंचायत सेंदरिया
पं.स. अजमेर ग्रामीण ( अजमेर ) — पं.स. अजमेर ग्रामीण ( अजमेर )

**कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण.स्वी./2024/5028 **आम सूचना** दिनांक : 15.1.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

**भवन निर्माण**

| फाइल नं. | आवेदक नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 144 | जयसिंह चौधरी पुत्र शिवराज | राजस्व ग्राम चौसला बिजयनगर ख.सं. 4162 भू.सं. 05 | 139.40 SQ.MTR | आवासीय |
| 145 | सुशीला जाट पत्नि पवन राजसिंह | राजस्व ग्राम चौसला बिजयनगर ख.सं. 4162 भू.सं. 06 | 130.98 SQ.MTR | आवासीय |
| 146 | विष्णुदेवी पत्नि परमेश्वर | नयना कॉलोनी बिजयनगर ख. सं. 60 भू.सं. 29 का उत्तरी हिस्सा | 66.88 SQ.MTR | आवासीय |
| 147 | पदमसिंह मुणोत पुत्र कान्तिलाल मुणोत | राजस्व ग्राम बरल द्वितीय वर्धमान सागर बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 1206 1207,1208 भू.सं. 77 | 96.616 SQ.MTR | आवासीय |
| 148 | पदमसिंह मुणोत पुत्र कान्तिलाल मुणोत | राजस्व ग्राम बरल द्वितीय वर्धमान सागर बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 1206 1207,1208 भू.सं. 79 | 96.616 SQ.MTR | आवासीय |
| 149 | पदमसिंह मुणोत पुत्र कान्तिलाल मुणोत | राजस्व ग्राम बरल द्वितीय वर्धमान सागर बरल द्वितीय बिजयनगर ख.सं. 1206 1207,1208 भू.सं. 80 | 96.616 SQ.MTR | आवासीय |
| 150 | रोहित कुमावत पुत्र मनोज कुमावत | महादेव विस्तार कॉलोनी बिजयनगर ख.सं. 1014/244, 1015/244,1017/1011,1023/1013 भू.सं. 22 का उत्तरी-पूर्वी दिशा का हिस्सा | 61.31 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

**कार्यालय ग्राम पंचायत मनोहरपुरा पंचायत समिति अराई, अजमेर**

क्रमांक- ग्राप मनोहरपुरा/स्वच्छता/2024-25/12 दिनांक- 15.01.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 04 / 2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति अंराई के अधिनस्थ ग्राम पंचायत मनोहरपुरा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है।निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO. | UBN NO. | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनोहरपुरा | ZAJ2425A1071 | ZAJ2425SSRC01125 | 2025_PRD_443392_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मनोहरपुरा

**कार्यालय ग्राम पंचायत भोगादीत पंचायत समिति अराई, अजमेर**

क्रमांक- ग्रा.प.भी/स्वच्छता/2024-25/ दिनांक- 15.01.2025

**ई- निविदा सूचना संख्या 04 / 2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भोगादीत के अधीनस्थ ग्रामों में वितीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 16.01.2025 को प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 20.01.2025 को सायं 6.00 बजे तक ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO. | UBN NO. | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भोगादीत | ZAJ2425A1072 | ZAJ2425SSRC01126 | 2025 PRD_443413_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भोगादीत

**कार्यालय ग्राम पंचायत लाम्बा पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक- ग्रा.प.भो/स्वच्छता/2024-25/70 दिनांक- 15.01.2025

**ई- निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लाम्बा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 20.01.2025 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 20.01.2025 को सायं 6.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO. | UBN NO. | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लाम्बा | ZAJ2425A1074 | ZAJ2425SSRC01128 | 2025_PRD_443418_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लाम्बा

**कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डावरियां पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक- ग्रा.प.म/स्वच्छता/2024-25/39 दिनांक- 15.01.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मण्डावरियां के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 14.01.2025 को सांय 06.00 बजे से दिनांक 20.01.2025 को सायं 6.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO. | UBN NO. | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डावरियां | ZAJ2425A1061 | ZAJ2425A1061 | 2025_PRD_443382_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मण्डावरियां

**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरोंज पंचायत समिति अरांई, अजमेर**

क्रमांक- ग्रा.प.सि/स्वच्छता/2024-25/95 दिनांक- 15.01.2025

**ई- निविदा सूचना संख्या 03 / 2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिरोंज के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2024-25 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 15.01.2025 को सायं 06.00 बजे से दिनांक 20.09.2024 को सायं 6.00 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाइट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदा एवं वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO. | UBN NO. | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरोंज | ZAJ2425A1070 | ZAJ2425SSRC01124 | 2025_PRD_443353_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सिरोंज